
देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 152 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...सुझावों का व्यापक दायरा



# पेज थ्री

देहरादून, बुधवार, 16 सितंबर 2020



मौसम अधिकतम 31.0° न्यूनतम 22.0° | 37244.59

2 भारत ने चीन को दी करारी शिकस्त | 7 मुंबई इंडियंस के कैंप में दिखे अर्जुन

## संक्षिप्त समाचार

### पीएम मोदी ने दी चुनावी सौगात की तीसरी किस्त

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पटना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को बिहार को तीसरी बार चुनावी सौगात दी। ये शहरी विकास से जुड़ी 545 करोड़ की सात परियोजनाएं हैं। विधानसभा चुनाव की घोषणा के पहले पीएम मोदी के छह कार्यक्रमों में यह तीसरा कार्यक्रम था। आगे 18, 21 और 23 सितंबर को भी उद्घाटन व शिलान्यास के कार्यक्रम निर्धारित हैं। चुनाव की घोषणा के बाद प्रधानमंत्री की दो दर्जन से अधिक वर्चुअल चुनावी रैलियां भी संभावित हैं। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि छठी मइया के आशीर्वाद से गंदगी से मुक्ति के अभियान में सफलता जरूर मिलेगी।

### सांसदों के वेतन में 30 फीसदी की कटौती

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कोरोना महामारी की वजह से सांसदों की 30 फीसदी सैलरी में कटौती करने वाला बिल लोकसभा में पास। संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने सोमवार को यह बिल लोकसभा में पेश किया था। यह कटौती 1 साल के लिए होगी। इस बिल का नाम सैलरी अलावेंस ऍंड पेंशन ऑफ मेंबर्स ऑफ पार्लियामेंट (अमेंडमेंट) है।

### आज से मैं भाजपा आरएसएस के साथ हूं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। महाराष्ट्र के राज्यपाल भगतसिंह कोशियारी से मुलाकात के बाद पूर्व नेवी ऑफिसर मदन शर्मा ने कहा कि आज के बाद से मैं भाजपा और आरएसएस के साथ हूं। जब मुझे पीटा गया तो वे आरोप लगा रहे थे कि मैं आरएसएस से हूं। मैं अब ऐलान करता हूं कि मैं भाजपा आरएसएस के साथ हूं। उधर, उनकी पिटाई करने वाले छह आरोपियों को फिर से न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। गौरतलब है कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे का कार्टून सोशल मीडिया पर फॉरवर्ड करने को लेकर शिवसेना कार्यकर्ताओं ने सेवानिवृत्त नौसेना अधिकारी मदन शर्मा की उनके निवास के बाहर उनके साथ मारपीट की थी।

# भारतीय जवानों का जोश हाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। मानसून सत्र के दूसरा दिन भारत और चीन के बीच जारी गतिरोध पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोकसभा में बयान दिया। राजनाथ सिंह ने कहा कि यह एक बड़ा मुद्दा है और इसका हल शांतिपूर्ण और बातचीत से निकाला जाना चाहिए। सीमा पर शांति बनाए रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमारे जवानों का जोश और हौसला बुलंद है। प्रधानमंत्री के जवानों के बीच जाने के बाद यह संदेश गया है कि पूरा देश उनके साथ खड़ा है। मैं सदन को यह भी स्पष्ट करना चाहता हूं कि हम किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

**चीन ने पैंगोंग में घुसने की कोशिश की:** राजनाथ सिंह ने कहा कि दोनों देशों को यथास्थिति बनाए रखना चाहिए और शांति और सद्भाव सुनिश्चित करना चाहिए।

■ चीन से साफ कहा, सीमा में यथास्थिति बदलना मंजूर नहीं

चीन भी यही कहता है लेकिन तभी 29–30 अगस्त की रात्रि में फिर से चीन ने पैंगोंग में घुसने की कोशिश की लेकिन हमारे सैनिकों ने प्रयास विफल कर दिए। मैं सदन को आश्वस्त करना चाहता हूं कि सीमाएं सुरक्षित हैं और हमारे जवान मातृभूमि की रक्षा में डटे हुए हैं।

**हमारे जवानों ने कड़ा संदेश दिया:** अप्रैल माह से लद्दाख की सीमा पर चीन के सैनिकों और हथियारों में वृद्धि देखी गई। चीन की सेना ने हमारी पट्रोलिंग में बाधा उत्पन्न की जिसकी वजह से यह स्थित बनी। हमारे बहादुर जवानों ने चीनी सेना को भारी क्षति पहुंचाई है और सीमा की भी सुरक्षा की। हमारे जवानों ने जहां शौर्य की जरूरत थी शौर्य दिखाया और जहां शांति की जरूरत थी शांति रखी।

**विरोध के बीच कई विधेयक पारित:** सत्र के पहले ही दिन सरकार ने लोकसभा में पांच विधेयक पेश किए। कृषि सुधारों से जुड़े अध्यादेशों पर विपक्षी विरोध के बावजूद तीन विधेयक पेश किए गए। इसके अलावा सरकार ने लोकसभा से दो विधेयक पारित भी करा लिया। वहीं, कांग्रेस ने सदन के अंदर और बाहर कृषि क्षेत्र से जुड़े विधेयकों का भारी विरोध करते हुए कहा कि सरकार खेती-किसानी को पूंजीपतियों के हवाले कर किसानों और मंडियों को उनके रहमोकरम पर छोड़ रही है।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संसद में खोले चीन के सारे राज

### 38,000 स्क्वायर किलोमीटर भूमि पर चीन का कब्जा



रक्षा मंत्री ने कहा कि यह सदन अवगत है चाईना, भारत की लगभग 38,000 स्क्वायर किलोमीटर भूमि का अनधिकृत कब्जा लद्दाख में किए हुए है। इसके अलावा, 1963 में एक तथाकथित बाउंडरी एग्रीमेंट के तहत, पाकिस्तान ने PoK की 5180 स्क्वायर किलोमीटर भारतीय जमीन अवैध रूप से चाईना को सौंप दी है। यह भी बताना चाहता हूं कि अभी तक भारत-चीन के बॉर्डर इलाके में कॉमनली डेलीनिएटिड LAC नहीं है और LAC को लेकर दोनों की धारणा अलग-अलग है।

### रवि किशन पर भड़कीं जया बच्चन

राज्यसभा में समाजवादी पार्टी की सांसद जया बच्चन ने कहा कि बॉलीवुड के लोगों को सोशल मीडिया के जरिए परेशान किया जा रहा है। जिन लोगों को इंडस्ट्री ने नाम दिया वही इसे गटर कह रहे हैं। मैं इससे असहमत हूं। सरकार को इन लोगों से कहना चाहिए कि ऐसी भाषा का इस्तेमाल न करें। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों की वजह से पूरी इंडस्ट्री को बुरा नहीं कहा जा सकता। मुझे शर्म आती है कि कल एक शख्स जो खुद उसी इंडस्ट्री से है, इसके विरोध में बोल रहा था। यह शर्मनाक है।

# दुनिया में सबसे ज्यादा लोग भारत में कोरोना से रिक्वर हुए

## देश के 14 राज्यों में 5 हजार से ज्यादा ऐक्टिव केसः स्वास्थ्य मंत्रालय

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कोरोना से लड़ाई के बीच देश लगातार अपनी स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार कर रहा है। अच्छी बात यह है कि देश में जहां कोरोना के ऐक्टिव मरीजों की संख्या 9,90,061 है, वहीं अब तक 38,59,399 कोरोना मरीज रिकवर हो चुके हैं। इतनी बड़ी संख्या में दुनिया के किसी भी देश में कोरोना से रिकवर्ड मरीज नहीं हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, अब तक देश में 5 करोड़ 80 लाख से ज्यादा टेस्ट किए गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सेकेट्री राजेश भूषण ने बताया कि पिछले सप्ताह हमने कुल 76 लाख टेस्ट किए। वहीं सक्रिय मामलों की संख्या देश में कुल मामलों का सिर्फ 1/5 है। उन्होंने कहा, देश में 5 राज्य ऐसे हैं जिनमें देश के कुल सक्रिय मामलों के 60% मामले हैं। देशभर के कुल सक्रिय मामलों में से महाराष्ट्र में 29 प्रतिशत से अधिक, आंध्रप्रदेश में लगभग 9 प्रतिशत, कर्नाटक में लगभग 10 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश में 6.8 प्रतिशत और तमिलनाडु में लगभग 4.7 प्रतिशत मामले हैं।

**यूपी में बढ़ रही मृत्युदरः** भूषण ने कहा कि देश में 18 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश ऐसे हैं जिनमें कुल सक्रिय मामलों की संख्या 5000 से 50,000 के बीच है। केवल 4 राज्य ऐसे हैं जहां सक्रिय मामलों की संख्या 50,000 से अधिक है। यूपी में प्रतिदिन 70 मौतें हो रही हैं।

**प्लाज्मा थेरेपी को लेकर चल रही स्टडीः आईसीएमआर** कोरोना से होने वाली मौतों को लेकर स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि दुनिया के सभी अधिक प्रभावित देशों में जहां प्रति मिलियन जनसंख्या के हिसाब से 128 से लेकर 600 से ज्यादा तक मरीजों की मौत हो रही है, वहीं भारत में यह आंकड़ा 58 है। यह भी राहत की बात है।

### प्रति मिलियन सिर्फ 3500 मरीज

स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि दिल्ली में भारी तादाद में टेस्ट हो रहे हैं, जबकि 8.9 प्रतिश पॉजिटिविटी रेट है। भारत में दिन प्रतिदिन टेस्ट की संख्या बढ़ रही है। 29 जुलाई तक जहां दिन में 5,04,266 टेस्ट होते थे, वहीं 9 सितम्बर तक 10,94,592 टेस्ट होने लगे। स्वास्थ्य मंत्रालय के सचिव ने कहा कि जहां दुनिया के अन्य देशों में प्रति मिलियन 5000 से 22000 तक कोरोना पॉजिटिव मरीज मिल रहे हैं, वहीं भारत में प्रति मिलियन 3500 मरीज मिले हैं। इस लिहाज से हम लिस्ट में सबसे नीचे हैं।

# 6 महीनों में भूकंप से 413 बार कांपी भारत की धरती

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पिछले कुछ महीनों से देश के अलग-अलग हिस्सों में भूकंप आने की तादाद बढ़ी है। भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि नेशनल सिस्मोलॉजिकल नेटवर्क ने देश में 1 मार्च से 8 सितंबर तक 413 भूकंप रिकॉर्ड किए हैं। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने राज्य सभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि देश में और आसपास भूकंप का पता लगाने का काम नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी करती है।

**सभी भूकंप की तीव्रता रही कम** मंत्रालय के अनुसार, 413 में से 135 भूकंप की तीव्रता 3.0 या इससे कम थी और इतनी कम तीव्रता के भूकंप आम तौर पर महसूस नहीं होते हैं। मंत्रालय ने बताया कि कम से कम 153 भूकंप की तीव्रता 3.0 और 3.9 के बीच थी। यह हल्के भूकंप थे जिन्हें लोगों ने महसूस किया लेकिन इससे कोई नुकसान नहीं हुआ। मंत्रालय ने बताया कि कुल 114 भूकंप की तीव्रता 4.0 और 4.9 के बीच थी।

### खुलासा

सरकारी डेटा से खुलासा, भूकंप के मामले में संवेदनशील है दिल्ली

इस श्रेणी का भूकंप बहुत बड़े क्षेत्र में महसूस किया जाता है और इससे थोड़ा-बहुत नुकसान होता है। मंत्रालय के अनुसार, केवल 11 भूकंप की तीव्रता 5.0 से 5.7 थी।

**यह है भारतीय उपमहाद्वीप में भूकंप का कारणः** भारतीय उपमहाद्वीप में विनाशकारी भूकंप आते रहे हैं। 2001 में गुजरात के कच्छ क्षेत्र में आए भूकंप में हजारों की संख्या में लोग मारे गए थे। भारत तकरीबन 47 मिलीमीटर प्रति वर्ष की गति से एशिया से टकरा रहा है। टेक्टॉनिक प्लेटों में टक्कर के कारण ही भारतीय उपमहाद्वीप में अक्सर भूकंप आते रहते हैं। हालांकि भूजल में कमी से टेक्टॉनिक प्लेटों की गति में धीमी हुई है। भूकंप को लेकर दिल्ली बहुत संवेदनशील है। दिल्ली और इसके आसपास के इलाके को भूवैज्ञानिकों ने जोन 4 में रखा है।


**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# पीएम ने देश को गुमराह कियाः राहुल गांधी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को लोकसभा में चीन पर जमकर हमला बोला। हालांकि सीमा पर चीन के साथ जारी विवाद को लेकर राजनाथ के बयान के बाद कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने भी बड़ा बयान देते हुए पीएम मोदी के दावे पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि चीन की ओर से किए गए अतिक्रमण को लेकर पीएम मोदी ने देश को गुमराह किया, यह रक्षामंत्री के बयान से साफ हो गया है।

राजनाथ सिंह के बयान पर हमलावर कांग्रेस

राहुल ने ट्वीट कर कहा, रक्षामंत्री के बयान से साफ है कि मोदी जी ने देश को चीनी अतिक्रमण पर गुमराह किया। हमारा देश हमेशा से भारतीय सेना के साथ खड़ा था, है और रहेगा। उन्होंने पीएम मोदी से सवाल किए कि आप कब चीन के खिलाफ खड़े होंगे और चीन से हमारे देश की जमीन कब वापस लेंगे? दूसरी ओर कांग्रेस के प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने भी ट्वीट पर पीएम मोदी और राहुल गांधी पर हमला बोला। उन्होंने ट्वीट किया, राजनाथ जी, देश सेना के साथ एकजुट है।